छठ घाटों पर सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम, 147 घाट संवेदनशील घोषित

भभुआ/कैमूर (आससे)। छठ महापर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिले में कुल 174 छठ घाट चिह्नित किए गए हैं, जिनमें 147 घाट संवेदनशील श्रेणी में रखे गए हैं। इन घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे। सोमवार को समाहरणालय स्थित मां मुंडेश्वरी सभागार में जिला पदाधिकारी कुमार अनुराग और पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए गएबैठक में बताया गया कि भभुआ अनुमंडल में 100 तथा मोहनिया अनुमंडल में 74 छठ घाट चिह्नित किए गए हैं। जिला पदाधिकारी ने सभी घाटों का भौतिक निरीक्षण कर खतरनाक और गहरे पानी वाले स्थानों को चिह्नित करने का निर्देश दिया। ऐसे स्थानों पर मजबूत बैरिकेडिंग और सुरक्षा संकेतक लगाने के साथ संवेदनशील घाटों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा गया।डीएम ने सभी घाटों पर पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित गोताखोर, आवश्यकतानुसार नाव और बचाव उपकरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं अग्निशमन विभाग को संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले घाटों पर अग्निशमन वाहन और कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रमुख घाटों पर प्राथमिक उपचार और चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया।

घाटों और वहां तक पहुंचने वाले रास्तों की साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, पेयजल तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संबंधित विभागों को सौंपी गई। नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को

डीएम और एसपी ने की तैयारियों की समीक्षा, गोताखोरों नावों, बैरिकेडिंग और पुलिस बल की तैनाती का निर्देश

स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने, जबकि विद्युत विभाग और पीएचईडी को रोशनी एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया।

विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले घाटों पर दंडाधिकारी एवं पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। सभी थानाध्यक्षों को नियमित गश्ती और घाटों पर विशेष निगरानी रखने को कहा गया। श्रद्धालुओं की आवाजाही सुचारु रखने के लिए यातायात प्रबंधन की कार्ययोजना तैयार करने का भी निर्देश दिया गया।इसके अलावा सभी घाटों पर माइकिंग के माध्यम से सुरक्षा संबंधी सूचनाएं प्रसारित करने तथा बीडीओ, सीओ और थानाध्यक्षों के वाहनों में माइक एवं हूटर की व्यवस्था करने को कहा गया। घाट समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर स्वयंसेवकों की तैनाती और भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।डीएम ने सोशल मीडिया पर अफवाहों और भ्रामक खबरों पर नजर रखने तथा ऐसी सूचनाओं का तत्काल खंडन करने को कहा। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में आवश्यक सूचना एवं जागरूकता संबंधी प्रचार-प्रसार कराने की जिम्मेदारी दी गई।जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था का महत्वपूर्ण पर्व है और श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। तैयारियों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी अपने क्षेत्रों में व्यक्तिगत रूप से व्यवस्था की निगरानी करें और निर्धारित समय-सीमा में सभी कार्य पूरे करें। बैठक में दोनों अनुमंडलों के पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ, थानाध्यक्ष एवं विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता शामिल हुए।

महादलित बस्ती में डीएम ने बच्चों संग मनाया दीपोत्सव, बांटी मिठाई

भभुआ/कैमूर (आससे)। दीपावली के पावन अवसर पर जिला पदाधिकारी कुमार अनुराग ने ने सामाजिक सद्भाव और समरसता की मिसाल पेश करते हुए भभुआ प्रखंड की बेतरी पंचायत अंतर्गत कबार गांव के महादलित टोले में ग्रामीणों एवं बच्चों के साथ दीपावली मनाई। इस दौरान उन्होंने बच्चों और स्थानीय लोगों के बीच मिठाइयां, चॉकलेट, दीप एवं अन्य उपहार वितरित किए। डीएम के साथ त्योहार की खुशियां साझा कर बच्चे काफी उत्साहित नजर आए।कबार स्थित सामुदायिक भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि दीपावली प्रकाश, प्रेम, सद्भाव और खुशियों का पर्व है।

इस पर्व की वास्तविक सार्थकता तभी है, जब समाज के हर वर्ग तक खुशियां पहुंचे और कोई भी व्यक्ति उत्सव से वंचित न रहे।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के संकल्प के अनुरूप राज्य के प्रत्येक टोले और प्रत्येक घर तक विकास, समृद्धि एवं खुशहाली पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। प्रशासन समाज के सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी भभुआ, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंत में जिला पदाधिकारी ने कैमूर जिले के नागरिकों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

महापर्व को लेकर विद्युत विभाग अलर्ट निर्बाध बिजली आपूर्ति की विशेष तैयारी

बिक्रमगंज (आससे)। छठ महापर्व के दौरान उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग द्वारा विशेष तैयारियां की गई हैं। विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि पर्व को देखते हुए विद्युत शक्ति उपकेंद्रों, ट्रांसफॉर्मरों एवं विद्युत लाइनों का निरीक्षण कर आवश्यक रखरखाव कराया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अलर्ट मोड में रहने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, फ्यूज कॉल सेंटर एवं कंट्रोल रूम को सक्रिय रखा जाएगा।

उन्होंने उपभोक्ताओं से विद्युत सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा किसी भी विद्युत समस्या की स्थिति में संबंधित फ्यूज कॉल सेंटर के नम्बर पर संपर्क करने की अपील की गयी है। बिक्रमगंज क्षेत्र के 7763818167, नोनहर-9264195188, दावथ- 7763818171, कोआथ- 9264195186, दिनारा-7260813326, लिलवछ- 9264195187, नटवार- 9264437097, सूर्यपुरा-7260813327, संझौली- 7260813328, एस.पी. जैन- 9264437095, नौगाई- 7763818164, दरिगांव- 9264195189, अगरेर- 9264448645, नोखा- 7763818163, जबरा- 9264195191, चेनारी- 7763818166, तेलारी- 9264448646, उगहनी- 9264448647, शिवसागर- 7763818165, आलमपुर- 9264195192, कोनार- 9264195190, मलवार- 9264448648, बेदा- 7763814713, तकिया- 7763818162, कोचस- 7763818170, कुछिला- 9031807055, परसथुआ- 7763818169, करगहर-7541814807 तथा अकोढ़ी क्षेत्र के 9031807054 नम्बर पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त उपभोक्ता विभागीय कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 7033095842 एवं टोल-फ्री नंबर 1912 पर भी शिकायत दर्ज करा सकते है। विद्युत विभाग छठ महापर्व के अवसर पर सभी उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

स्कूल निदेशक को मातृशोक, शिक्षाविदों ने व्यक्त की शोक संवेदना

डिहरी ऑन सोन (आससे)। डिहरी रामा रानी के समीप लाल कॉलोनी निवासी प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान श्री अरविंद अकैडमी के निदेशक अरविंद भारती की 68 वर्षीया माता पुष्पा देवी का दिल्ली में इलाज के दौरान दीपावली की रात निधन हो गया। वे अवकाश प्राप्त स्टेट बैंक मैनेजर कृष्ण गुप्ता की पत्नी थी। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार उनका शव सोमवार को नोएडा से प्रस्थान करेगी तथा कल मंगलवार को डिहरी के सोन नद तट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इनकी निधन की खबर सुनकर नगर क्षेत्र के शिक्षाविदों विभिन्न दलों के राजनीतिक दलो के कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों में शोक की लहर फ़ैल गई। उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएसन के जिला अध्यक्ष रोहित वर्मा, संगठन के डिहरी प्रखंड मुख्य संरक्षक जग नारायण पांडेय, संगठन के जिला महासचिव सह डिहरी प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष दीप नारायण पांडेय, सचिव राजेंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष जयशंकर प्रसाद, मोहन प्रजापति,संतोष श्रीवास्तव., सुरेश प्रसाद, प्रशांत कुमार सिंह, डॉ समरेश सिंह, विनय पांडेय, अजय कुमार, समाजसेवी पंकज कुमार, विकास कुमार आदि शामिल है।

चाय पीने के दौरान 2 दोस्तों में उपजा विवाद मारपीट के दौरान एक दोस्त की मौत

डिहरी ऑन सोन (आससे)। नगर निगम सासाराम के महद्दीगंज मोहल्ले में रविवार की बीती रात दीपावली पर्व के अवसर पर एक परिवार की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गई, जब घर का दीपक हीं अचानक से बुझ गया।

नगर निगम सासाराम के महद्दीगंज मोहल्ले में रविवार की बीती रात दीपावली पर्व के पावन अवसर पर एक परिवार की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गई, जब घर का दीपक हीं अचानक से बुझ गया। दरअसल, महद्दीगंज निवासी राजू कुमार सिंह के लगभग 20 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार की मौत हो गई है। घटना के बाद मोहल्ले व परिवार में मातम पसरा हुआ है और माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि बीती रात लालगंज नहर के समीप दोस्तों के बीच चाय पीने के दौरान विवाद हुआ था। इसी विवाद में दोस्तों के बीच पहले गरमा गरम बहस हुई और फिर गंभीर मारपीट होने लगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मारपीट के दौरान हीं एक दोस्त की मौत हो गई, जबकि अन्य दोस्त मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची सासाराम नगर थाना व मुफस्सिल थाने की पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए शव को तुरंत कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार, बीती रात हीं शव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है और आगे की कार्रवाई चल रही है।

घटना को लेकर सासाराम मुफस्सिल थाना अध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि बीती रात महद्दीगंज मोहल्ले में दोस्तों के बीच मामूली विवाद के दौरान एक युवक की मौत हुई है। पुलिस ने घटनास्थल से कई सबूत जुटाए हैं और हर तथ्यों को खंगाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मामले में एक संदिग्ध युवक को भी गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

'सबका सम्मान-जीवन आसान' पहल के तहत डीएम का जनता दरबार



औरंगाबाद (आससे)। जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा (भा0प्र0से0) द्वारा अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में सात निश्चय-3 अंतर्गत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया।

जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया।इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे।जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब ना हो। जिला पदाधिकारी महोदया ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए।

आधुनिक शब्द के चितेरे पत्रिका का प्रकाशन अति शीघ्र

औरंगाबाद (आससे)। औरंगाबाद जिले में साहित्य के क्षेत्र में निरंतर योगदान निभाने वाले प्रबुद्ध साहित्यकारों द्वारा आधुनिक शब्द के चितेरे पत्रिका का प्रकाशन अति शीघ्र किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय कवि स्पर्श मंच के प्रदेश अध्यक्ष,साहित्य कुंज के जिला महासचिव, शब्दवीणा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि इस पत्रिका में वैसे साहित्यकारों की सहभागिता होगी जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं,अपनी रचनाओं को प्रकाशित करने में सक्षम नहीं है,नवोदित रचनाकार जिन्होंने अपनी साहित्यिक रचनाओं को मूर्त रूप प्रदान किया है लेकिन प्रकाशन करने के लिए उन्हें एक प्लेटफार्म की आवश्यकता है तो वैसे साहित्यकारों को आधुनिक शब्द के चितेरे पत्रिका में स्थान दिया जाएगा। सुरेश विद्यार्थी ने यह भी बताया कि यह पत्रिका बिल्कुल ही नए कलेवर में प्रकाशित की जाएगी और इसका लोकार्पण विश्व हिंदी दिवस के मौके पर किए जाने की संभावना है। पत्रिका प्रकाशन के लिए साहित्यकारों से संपर्क किया जा रहा है और उनकी रचनाओं को आमंत्रित भी किया गया है कुछ रचनाकारों ने अपनी रचनाएं भेज भी दी हैं।

जनता दरबार में 43 परिवादियों की समस्याओं की हुई सुनवाई

बिक्रमगंज (आससे)। अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत *जनता दरबार* का आयोजन किया गया। जनता दरबार में अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों द्वारा अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित परिवाद प्रस्तुत किए गए।जनता दरबार में कुल 43 परिवादियों की समस्याओं की सुनवाई की गई, जिसमें भूमि विवाद से संबंधित 28 परिवाद, आपूर्ति से संबंधित 11 परिवाद तथा अन्य मामलों से संबंधित 04 परिवाद शामिल थे।अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा इसमें से 26 परिवादियों के आवेदन पर ऑन द स्पॉट सुनवाई करते हुए निष्पादन किया गया।अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सभी परिवादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही, परिवादियों को आश्वस्त किया गया कि प्राप्त शिकायतों पर नियमानुसार निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्रवाई की जाएगीअनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है तथा आम नागरिक अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जनता दरबार के माध्यम से प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं।

प्राकृतिक खेती अपनाकर मिट्टी की सेहत सुधारें किसान : लालबाबू सिंह

डिहरी ऑन सोन (आससे)।किसानों को रासायनिक खाद और कीटनाशकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। बिहार सरकार के कृषि विभाग की पहल के तहत काराकाट प्रखंड की मोथा ग्राम पंचायत के प्राकृतिक खेती मास्टर ट्रेनर लालबाबू सिंह किसानों को प्राकृतिक खेती के तौर-तरीकों की जानकारी दे रहे हैं।

उन्होंने किसानों से अपील की कि खेतों की मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने और स्वस्थ फसल उत्पादन के लिए जैविक खाद एवं जीवामृत का उपयोग करें। इसके लिए गोबर की खाद, वर्मी कम्पोस्ट, जीवामृत और घनजीवामृत तैयार कर खेतों में इस्तेमाल करने की सलाह दी जा रही है।

लालबाबू सिंह ने बताया कि फसलों को कीटों और रोगों से बचाने के लिए नीमास्त्र, दशपर्णी अर्क और ट्राइकोडर्मा जैसे जैविक उपाय अपनाए जा सकते हैं। इसके साथ ही किसानों को मिट्टी की सेहत सुधारने के लिए नियमित मृदा परीक्षण कराने, जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन तथा ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने फसल विविधता को बढ़ावा देने और देशी बीजों के इस्तेमाल पर भी जोर दिया। उनका कहना है कि प्राकृतिक खेती से खेती की लागत कम करने, मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने और पर्यावरण संरक्षण में मदद मिल सकती है। कृषि विभाग का संदेश है कि प्राकृतिक खेती अपनाकर किसान स्वस्थ फसल, स्वस्थ मिट्टी और समृद्ध कृषि व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

आपसी भाईचारे के लिए हर साल दीपावली मनाते हैं मुस्लिम समुदाय

औरंगाबाद (आससे)। शहर के कारगिल चौक के समीप स्थित भगवान शंकर के मंदिर,शाहपुर टिकरी रोड शिव मंदिर ,नावाडीह रोड स्थित महावीर मंदिर ,धर्मशाला मोड मां दुर्गा मंदिर गणपति मंदिर संकट मोचन मंदिर नगर थाना में भोले शंकर मंदिर में रविवार की रात्रि 9 बजे पैगाम ए इंसानियत मुस्लिम समुदाय के युवाओं ने दीपावली पर्व के अवसर पर प्रेम और सौहार्द का दीप जलाया और भगवान औगढ़दानी से समस्त संसार में अमन शांति बनी रहे इसकी कामना की।पैगाम ए इंसानियत के जिलाध्यक्ष शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान, मो छोटे खान, मोहम्मद जुल्फिकार, मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद रुस्तम, अन्ना खान ने बताया कि दीपावली पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत,असत्य पर सत्य के विजय का पर्व है।ऐसी स्थिति में भगवान के चौखट पर दीप जलाकर दुनिया से दहशतगर्दी पसंद लोगों के खात्मे की कामना की गई और लोगों से दीपक की तरह ही लोगों से अंधेरे से लड़ते हुए सद्भाव कायम करने की अपील की की गई।इस मौके पर शिव मंदिर पुजारी डब्लू पांडे अमित कुमार गणपति मंदिर के पुजारी सुनील पांडे अनुज कुमार कुंदन कुमार महावीर मंदिर के पुजारी संतोष कुमार पांडे के पुजारी है मंटू कुमार अजय पांडे नगर थाना स्थित शिव मंदिर पुजारी श्रीराम पांडे शुभम पांडे सहित जिला वासियों को गुलाब का फूल मिठाईयां खिलाकर दीपावली पर की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पैगाम ए इंसानियत जिला अध्यक्ष सल्लू खान ने कहा कि यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि मुस्लिम मोहल्ले में जहां सभी मुस्लिम समुदाय समाज के बच्चे हैं वह एक एकत्रित हुए हैं और दीप जलाकर प्रेम और भाईचारा का संदेश दिए या अपने आप में एक बड़ी चीज है क्योंकि हिंदुस्तान में जो गंगा तहजीब है वह बरकरार है जो इतिहास हम लोगों ने पढ़ा था इस इस हिंदुस्तान की जो बुनियाद है वह गंगा जमुना की तहजीब से हुए हैं यहां सभी धर्म के लोग एक साथ सभी पर और त्योहार मनाते हैं ।

प्रथम पृष्ठ का शेष

सरकारी प्राइमरी-मिडिल स्कूलों के...

आधार पर पूरा कराने की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित करने को कहा गया है। यह भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के दिशा-निर्देशों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप की जा रही है। इसका उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों को नजदीकी प्राथमिक विद्यालयों के साथ जोड़ना है, ताकि छोटे बच्चों को आंगनबाड़ी से स्कूली शिक्षा में प्रवेश करने में आसानी हो।

76 हजार स्कूलों में बुनियादी...

विद्यालय भवनों की छोटी-मोटी मरम्मत, रंग-रोगन, पेयजल व्यवस्था, शौचालयों की साफ-सफाई और रखरखाव समेत अन्य जरूरी कार्य कराए जा सकेंगे। इसके अलावा शिक्षण गतिविधियों के संचालन में आने वाली आवर्ती आवश्यकताओं को भी पूरा करने में इस राशि का उपयोग किया जा सकेगा। स्कूलों में उपलब्ध संसाधनों को दुरुस्त रखने और विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने में भी यह राशि मददगार होगी। कंपोजिट ग्रांट उपलब्ध होने से स्कूलों को अपनी वास्तविक जरूरतों के आधार पर काम कराने में सहूलियत होगी। किसी स्कूल में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने की जरूरत होगी, तो कहीं शौचालय या कक्षा-कक्षों की मरम्मत प्राथमिकता हो सकती है। इसी तरह बिजली, साफ-सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का भी समाधान किया जा सकेगा। इससे स्कूलों को छोटी समस्याओं के लिए बार-बार विभागीय कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इस पहल से राज्य के 76 हजार से अधिक सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने का रास्ता खुलेगा। विद्यालयों के रखरखाव के लिए नियमित रूप से संसाधन उपलब्ध होने से भवन और परिसर की स्थिति बेहतर रखने में मदद मिलेगी। इसका सीधा लाभ विद्यार्थियों और शिक्षकों को मिलेगा।

पीएम कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स...

शामिल रहेगा. इसके साथ ही बिहार की कई अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का भी उद्घाटन और शिलान्यास किया जाएगा. इससे राज्य में विकास से जुड़ी परियोजनाओं को नई गति मिलने की उम्मीद है.

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि वैशाली में 1243 एकड़ जमीन अधिग्रहित की गई है. इस भूमि पर पार्क निर्माण की योजना है. प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान बिहार के विकास से जुड़ी इन योजनाओं को भी प्रमुखता दी जाएगी.

बिहार में 20 नवंबर को नई सरकार के गठन का एक साल पूरा हो रहा है. इसके अगले ही दिन यानी 21 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार पहुंचेंगे. एनडीए नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री का वैशाली आगमन ऐतिहासिक और यादगार होगा. नेताओं ने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री के आगमन के बाद वैशाली विकास के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी. उनके दौरे को लेकर गठबंधन के कार्यकर्ता और नेता भी तैयारियों में जुटेंगे.

उत्तराखंड स्थापना दिवस पर...

लिखा कि कुछ वर्ष पहले बाबा केदार के चरणों में उन्होंने कहा था कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा। आज यहां के लोगों का परिश्रम और संकल्प उस विश्वास को साकार कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने पत्र में कहा कि उत्तराखंड की डबल इंजन सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र के समान विकास के लिए काम कर रही है। राज्य की कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर में एक दशक के दौरान काफी विस्तार हुआ है। कभी दुर्गम और दूरस्थ माने जाने वाले क्षेत्र आज विकास और सुविधाओं से जुड़ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने करीब 890 किलोमीटर लंबी चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना पर 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। वहीं, 125 किलोमीटर लंबी ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना पर काम चल रहा है। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के निर्माण से दोनों शहरों के बीच यात्रा का समय कम होगा। देहरादून एयरपोर्ट के विस्तार, पिथौरागढ़ एयरपोर्ट के संचालन और पंतनगर एयरपोर्ट के विकास से हवाई कनेक्टिविटी भी मजबूत हुई है। पत्र में प्रधानमंत्री ने केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण और बदरीनाथ धाम में करीब 500 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे मास्टर प्लान के कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने सीमावर्ती गांवों को देश की सुरक्षा और सामर्थ्य का प्रतीक बताते हुए वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत वहां पर्यटन, स्थानीय संस्कृति और रोजगार के अवसर बढ़ाने की बात कही। पीएम मोदी ने कहा कि उत्तराखंड में पर्यटन ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं और हजारों होमस्टे के माध्यम से स्थानीय परिवारों की आय के नए स्रोत विकसित हुए हैं।

संपन्न परिवारों से बिजली...

संसद के दौरान भी संपन्न परिवारों और आयकरदाताओं से बिजली सब्सिडी छोड़ने की अपील की थी।

मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों से आदिवासी क्षेत्रों में जाकर दलित और अत्यंत पिछड़े समुदायों के लोगों के साथ दीपावली मनाने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को इन समुदायों के लोगों के सुख-दुख में शामिल होना चाहिए और उनके जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि त्योहार सभी को मिलकर मनाना चाहिए और कोई भी व्यक्ति इससे वंचित नहीं रहना चाहिए। इसी उद्देश्य से वह खुद भी झुग्गी-बस्तियों में रहने वाले लोगों के बीच पहुंचे हैं।

आरा डबल मर्डर : बख्शे नहीं...

लोगों ने सड़क जाम करके बवाल किया।

यह वारदात जिले के के बिहिया थाना क्षेत्र के रामडीहरा गांव स्थित सूर्य मंदिर के समीप रविवार देर रात की है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया के माध्यम से मुआवजे का ऐलान किया और पदाधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा है कि बिहिया थाना क्षेत्र के रामडिहरा गांव में आपसी विवाद के बाद तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने की घटना अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। इस घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मृतकों के निकटतम परिजन को अनुग्रह अनुदान के रूप में 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान करने का निर्देश दिया है। प्रशासन को सभी घायलों का बेहतर इलाज सुनिश्चित करने तथा घटना के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। सीएम ने कहा है कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

वारदात को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश स्कॉर्पियो लेकर फरार हैं। गांव के लोगों ने बताया कि बिहिया थाना क्षेत्र के रामडीहरा गांव निवासी रामनरेश यादव के 55 वर्षीय पुत्र दिनेश यादव और 50 वर्षीय पुत्र कमलेश यादव की मौत हो गई। दोनों सगे भाई थे। दिनेश यादव के बेटे ने बताया कि जानबूझकर उनकी हत्या की गई है। इस घटना में गांव के राजेश कुमार, रितु कुमार, कृष्णा कुमार एवं रमेश यादव सहित एक अन्य व्यक्ति जख्मी हो गए। सभी घायलों को आरा सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

बताया जाता है कि दीपावली की रात रामडीहरा गांव स्थित सूर्य मंदिर के समीप जब सभी लोग पूजा करने के बाद छठ पूजा का गाना बजा रहे थे। तभी शराब के नशे में स्कार्पियो सवार दस बदमाश आए गाना बंद करने के लिए कहने लगे। इसी बात को लेकर उनके बीच नोकझोंक हुई, जिसके बाद स्कॉर्पियो सवार सभी बदमाश स्कोर्पियो पर बैठे और पीछे जाकर तेज रफ्तार में स्कॉर्पियो से सभी को रौंद दिया। सगे भाई दिनेश यादव एवं कमलेश यादव की मौत हो गई, जबकि छह लोग जख्मी हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इससे पहले स्कॉर्पियो सवार बदमाश फरार हो चुके थे।

हजारीबाग में सड़क हादसा...

लिए बनारस जा रहे थे. इसी दौरान चौपारण थाना क्षेत्र में उनका वाहन हादसे का शिकार हो गया. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पांच यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 11 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर जुट गए और बचाव कार्य में पुलिस की मदद की. घायलों को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है. पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेने के साथ दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है. हादसा किस वजह से हुआ, इसकी आधिकारिक जानकारी जांच पूरी होने के बाद सामने आएगी. एक साथ पांच लोगों की मौत की खबर से गिरिडीह के बिहारो और सलैया गांव में शोक की लहर दौड़ गई है. मृतकों के घरों में चीख-पुकार मची हुई है. हादसे की सूचना मिलने के बाद परिजन और ग्रामीण घटनास्थल की ओर रवाना हो गए. जिस यात्रा पर लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने निकले थे, वह रास्ते में ही एक बड़े हादसे में बदल गई. इस दुर्घटना ने दोनों गांवों को गहरे सदमे में डाल दिया है.

आगरा एक्स.-वे पर छपरा जा...

पर हादसे की ये घटना पारा थाना क्षेत्र के पास हुई है। यहां सवारियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में करीब 50 से 60 यात्री सवार थे और ये बस राजस्थान के रेवाड़ी से बिहार के छपरा जा रही थी। बस पलटने की सूचना मिलते ही भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस के साथ एसडीआरएफ और फायर विभाग की टीमों ने मिलकर सभी को रेस्क्यू किया है। दूसरी ओर यूपी के मुजफ्फरनगर में भी भीषण हादसा हुआ। यहां एक बेकाबू कार हाईवे पर पोल से टकरा गई जिसके बाद 6 लोग जिंदा जल गए।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी लखनऊ पारा में हुए सड़क हादसे से की घटना का संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रभावितों के परिजनों से संवाद कर हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने योगी आदित्यनाथ सभी घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने अस्पताल पहुंच कर हादसे में घायल हुए मरीजों का हालचाल जाना है। उन्होंने सभी घायलों के उचित इलाज के निर्देश दिए हैं। ब्रजेश पाठक ने जानकारी दी है कि ये हादसा एक्सप्रेसवे पर पहले टोल प्लाजा के पास सुबह 6 बजे से 6-30 बजे के बीच हुआ है। घायलों में से तीन को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया (दो को लोक बंधु अस्पताल में और एक कोचज्ञरूमें)। 31 घायल यात्रियों को लोक बंधु अस्पताल में और 13 अन्य को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (चज्ञरू) ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

दिसंबर 2028 तक गुजरात को...

या तो पूरी हो चुकी हैं या आज यहां शुरू की जा रही हैं। उन्होंने कहा, सबसे पहले, मैं रामापीर टेकरा के बारे में बात करना चाहता हूं। मेरे करियर की शुरुआत इसी रामापीर टेकरा से हुई थी। 1985 में जब मैं वोटर कार्ड और पर्चियां बांटने के लिए रामापीर टेकरा जाता था, तो वहां दोनों तरफ घरों की कतारें थीं और बीच में गंदा नाला और सीवेज का पानी बहता था। वहां पीने के पानी का कोई इंतजाम नहीं था, बीमारियां फैल रही थीं, बच्चों के लिए पढ़ाई-लिखाई की कोई सुविधा नहीं थी और छोटे-मोटे अपराध बहुत होते थे। 2007 में जब नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री थे, तो उन्होंने झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को पक्के घर देने के लिए एक योजना शुरू की। वर्षों तक इस योजना में कई सुधार किए गए और अब मैंने रामापीर टेकरा के निवासियों को दिए जा रहे घरों का दौरा किया है।

अमित शाह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, आप सभी को बधाई। आपको बहुत शानदार घर मिले हैं, बिल्कुल वैसे ही जैसे प्राइवेट बिल्डरों द्वारा बनाए गए फ्लैट होते हैं। ये साफ-सुथरे घर हैं, जिनमें पंखे भी लगे हैं। जब यह पूरा प्रोजेक्ट बनकर तैयार हो जाएगा, तो इसी परिसर के अंदर 55,000 से ज्यादा लोगों को सामाजिक सुरक्षा, मनोरंजन, लाइब्रेरी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। कांग्रेस ने इतने वर्षों तक देश पर शासन किया, लेकिन उन्होंने कभी गरीबों की मदद नहीं की। रामापीर टेकरा की हालत देखिए। आज यहां के लोगों को घर मिल रहे हैं। मुझे खुशी है कि उन्हें घर मिल रहे हैं। आज बोपल-घुमा में एक पंप हाउस के लिए भूमि पूजन किया गया। बारिश के समय लोगों के घरों में पानी घुस जाता है। वह इलाका मेरा और भूपेंद्र भाई का चुनाव क्षेत्र है। वहां बहुत पानी जमा हो जाता है। मैंने उनसे वादा किया था कि अगली बार से वहां पानी जमा नहीं होगा।

उन्होंने कहा, काली चौदस के अवसर पर गुजरात और केंद्र सरकार के साथ एक बैठक हुई। इसमें सबसे महत्वपूर्ण चर्चा यह थी कि गुजरात को नशा-मुक्त बनाना है। आप बस एक कॉल (1033) करें और गुजरात सरकार नशा बेचने वालों को जेल में डाल देगी। नशा हमारी युवा पीढ़ी को बर्बाद कर देता है। यह युवाओं को नष्ट कर देता है। नशे से कमाया गया पैसा देश में आतंकवाद के लिए इस्तेमाल होता है। हमने नक्सलवाद को खत्म किया है। अब हमें दिसंबर 2029 तक पूरे देश को नशा-मुक्त बनाना है। हमें दिसंबर 2028 तक गुजरात को नशा-मुक्त करना है। समाज और माता-पिता, सभी को सतर्क रहना होगा। अगर आपके पास कोई जानकारी है, तो हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी।

464 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह छह-लेन परियोजना सरखेज-गांधीनगर हाईवे पर ट्रैफिक जाम को कम करने और सरखेज तथा गांधीनगर के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए तैयार की गई है। नेशनल हाईवे 147 पर इस्कॉन जंक्शन को साणंद फ्लाईओवर से जोड़ने वाला यह कॉरिडोर कर्णावती क्लब, प्रहलाद नगर और वाईएमसीए से होकर गुजरने वाले वाहनों की आवाजाही को आसान बनाएगा। इससे यात्रियों का यात्रा समय बचेगा और ईंधन की खपत भी कम होगी।

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना-८००००१ से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष-३१ संख्या-०९७३९३८
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९

पीबीएक्स : २२३५०७०-७१, ७२
स्थानीय समाचार डेस्क : २२३५०७०
इ-मेल : **patnaaj@gmail.com**
पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या :
R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।